झूला डाला कदम की डाली

झूला डाला कदम्ब की डाली रे,
देवे जोटा श्याम झूले राधा प्यारी रे,
झूला डाला कदम की डाली

लचके डाली में डाली है रेशम की डोरी,
चांदी के पटरे पे बैठी प्यारी राधा बोली,
बांके बांके कुञ्ज बिहारी रे,
देवे जोटा श्याम झूले राधा प्यारी रे,
झूला डाला कदम की डाली

हर झोटे में छम छम भाजे राधा की पायलियाँ,
पवन करे अति खेली आके भर भर उड़े चुनरियाँ,
रुत ये आई है मतवाली रे,
झूला डाला कदम की डाली
देवे जोटा श्याम झूले राधा प्यारी रे,

नन्हे नन्हे पड़े है गुण्डिया छाई है हरयाली,
पीहू पीहू बोले पपीहा और कोयलियाँ काली,
गा के गीत बड़े मनुहारी रे देवे जोटा श्याम झूले राधा प्यारी रे,
झूला डाला कदम की डाली

प्रेम के रंग भीगे मोहन भीगे राधा रानी,
श्याम सलोने भये दीवाने राधा भये दीवानी,

लागे ये जोड़ी तो न्यारी रे देवे जोटा श्याम झूले राधा प्यारी रे, झूला डाला कदम की डाली

Source:
https://www.bharattemples.com/jhula-dala-kadam-ki-daali-re-deve-jhota-shyam/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw